24/08/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेपाल के तनाहुन जिले में हुई सडक दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि भारतीय दूतावास प्रभावित लोगों की हरसंभव सहायता कर रहा है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेपाल में तनाहुन में हुई बस दुर्घटना में प्रभावितों को अनुग्रह राशि का भुगतान करने की घोषणा की है। प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रूपये की अनुग्रह राशि दी जायेगी। प्रत्येक घायल को पचास हजार रूपये मिलेंगे। काठमांडु में भारतीय दूतावास ने कहा है कि इस बस दुर्घटना में 27 भारतीयों की मृत्यु हुई है।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पोलैंड और यूक्रेन की सफल यात्रा के बाद आज दोपहर स्वदेश लौट आए। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने वारसॉ में पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनल्ड टस्क के साथ वार्ता की। दोनों नेताओं ने संबंधों को और बेहतर बनाकर सामरिक भागीदारी करने का निर्णय लिया। उन्होंने और अधिक स्थायी, समृद्ध और सतत विश्व के लिए द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को और प्रगाढ करने की प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों नेताओं ने यूक्रेन और पश्चिम एशिया में संघर्ष सहित महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और आपसी हित के वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की।

यूक्रेन में प्रधानमंत्री मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच कीव में शिष्टमंडल स्तर की बैठक हुई। बैठक के दौरान यूक्रेन में सामुदायिक विकास परियोजनाओं, औषध नियंत्रण मानकों, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए चार समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यूक्रेन और रूस को संघर्ष का समाधान तलाशना चाहिए। श्री मोदी ने भरोसा दिलाया कि शांति स्थापित करने के किसी भी प्रयास में भारत सक्रिय भूमिका निभाने को तैयार है।

0000000000000000000

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो - सीबीआई द्वारा आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष सहित सात लोगों का पोलीग्राफ टेस्ट लिया जा रहा है। इस घटना के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए एकमात्र व्यक्ति संजय रॉय, घटना से पहले पीडिता के साथ रहे चार डॉक्टरों और कोलकाता पुलिस के दो स्वयंसेवकों का पोलीग्राफ टेस्ट चल रहा है। सियालदाह की अदालत ने सीबीआई को पोलीग्राफ टेस्ट करने की अनुमति दी थी। अदालत ने संजय रॉय को 14 दिन की हिरासत में जेल भेजा है।इस बीच, कलकता उच्च न्यायालय के आदेश पर विशेष जांच दल ने मामले से जुडे दस्तावेज कल सीबीआई को सौंप दिए।

0000000000000000000

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण ने केंद्र सरकार के सभी सरकारी अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों को दीक्षांत समारोह के लिए नया ड्रेस कोड तैयार करने को कहा है।

मंत्रालय ने इस संबंध में केंद्र सरकार के सभी अस्पतालों और चिकित्सा शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों को पत्र लिखा है। मंत्रालय ने कहा है कि यह परिवर्तन औपनिवेशिक विरासत को छोडने और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पत्र में कहा गया है कि विभिन्न संस्थान दीक्षांत समारोह के दौरान काले वस्त्र और टोपी का उपयोग करते हैं और यह परम्परा यूरोप में मध्य युग में शुरू हुई थी। मंत्रालय ने संस्थानों को निर्देश दिया है कि वे राज्य की स्थानीय परम्पराओं के आधार पर संबंधित संस्थान के लिए उचित भारतीय ड्रेस कोड तैयार करे।

00000000000000000

स्पेस जोन इंडिया ने मार्टिन समूह के सहयोग से भारत के पहले रियूजेबल हाइब्रिड रॉकेट रूमी-1 का चेन्नई से प्रक्षेपण किया है। 50 पीको उपग्रह और तीन क्यूब उपग्रहों को लेकर गए इस रॉकेट को मोबाइल ट्रेजेक्ट्री का इस्तेमाल कर प्रक्षेपित किया गया। इस रॉकेट ने लगभग 35 किलोमीटर ऊंचाई तक उडान भरी और यह कई प्रयोग करने के बाद कुछ ही क्षणों के भीतर पृथ्वी पर वापस लौट आया। 'इस अभियान का नेतृत्व करने वाले इसरो अंतरिक्ष केंद्र के पूर्व निदेशक डॉ. मायिलस्वामी अन्नादुरई ने कहा कि कार्यक्षमता बढाने और परिचालन लागत को कम से कम करने के लिए रॉकेट में तरल और ठोस ईंधन के मिश्रण का उपयोग किया गया।

0000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सवेरे ग्यारह बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम की यह 113वीं कडी होगी।

कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए. आई. आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी प्रदेशिक भाषाओं में भी इसका प्रसारण करेगा।

00000000000000000

दोईमुख विधायक नाबम विवेक ने रोस पंचायत खंड के तहत कल सोपो में एक नए पार्किंग शेड का उद्घाटन किया और स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र को एक एम्बुलेंस सौंपी। नेपको के पारे जल विद्युत परियोजना द्वारा अपनी सी एस आर कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी पहल के तहत प्रदान की गई एम्बुलेंस का उद्देश्य क्षेत्र में आपातकालीन प्रतिक्रिया को बढ़ाना है। इस अवसर पर श्री विवेक ने जोर देकर कहा कि समय पर चिकित्सा देखभाल की पहुंच जीवन को बचा सकती है और यह एम्बुलेंस स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र, सोपो की आपात स्थितियों में तेजी से प्रतिक्रिया करने की क्षमता को बढ़ाएगी, जिससे हमारे समुदाय के लिए स्वास्थ्य परिणामों में सुधार होगा।

00000000000000000

मैसुर कर्नाटक के एक समर्पित योग प्रशिक्षक और पदयात्री श्री कृष्ण नायक ने शुक्रवार को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए अपनी राष्ट्रव्यापी यात्रा के हिस्से के रुप में राजीव गांधी विश्वविद्यालय का दौरा किया। अक्टूबर दो हजार बाईस से उन्नीस राज्यों में तेरह हजार किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करने के बाद उन्होंने एक योग जागरुकता सत्र आयोजित किया,

जिसमें प्रतिभागियों को आसन, प्रणायम और ध्यान के माध्यम से आध्यात्मिक विकास के लिए योग के लाभों को साझा किया। इस अवसर पर आर जी यू के कुलपति प्रोफेसर साकेत कुशवाहा ने योग जागरुकता को बढ़ावा देने के लिए श्री कृष्ण नायक के समर्पण की प्रशंसा की। उन्होंने योग के माध्यम से एक स्वस्थ्य भारत को प्रेरित करने के लिए भी नायक के प्रयासों की सराहना की और राजीव गांधी विश्वविद्यालय समुदाय पर उनके दौरे के सकारात्मक प्रभाव को स्वीकार किया।

00000000000000000

युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर देशवासियों से खेलों में अधिक से अधिक भागीदारी का आह्वान किया है। श्री मांडविया ने प्रधान मंत्री के फिट इंडिया मूवमेंट को आगे बढ़ाने के महत्व पर प्रकाश डाला और इस बात पर जोर दिया कि यह प्रत्येक भारतीय की जिम्मेदारी है कि वह अपने स्वास्थ्य को बनाए रखें और सक्रिय रहें। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस न केवल हमारे खिलाडियों को सम्मानित करने का एक अवसर है, बल्कि हमें इस बात का भी स्मरण कराता है कि संतुलित और स्वस्थ जीवन बनाए रखने में खेल हमारे लिए बहुत लाभदायक साबित हो सकते हैं।

00000000000000000